कार्यालय जिला पंचायत मुंगेली (छ.ग.)

Phone No. 07755264454 Email- zp-mungeli.cg@nic.in

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

क्रमांक/4359/जिपं./PMAY(G)/स्था./भर्ती/2024–25 मुंगेली,दिनांक 11/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

सहायक प्रोग्रामर, लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं जनपद पंचायत स्तर पर तकनीकी सहायक के पदों पर दावा–आपत्ति प्रकाशन

कार्यालयीन संशोधन विज्ञापन क्रमांक/3604/जि.पं./प्र.मं.आ.यो.–ग्रा./स्था./2024–25 मुंगेली, दिनांक 27.09.2024 के तहत् जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत **जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामर, लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं जनपद पंचायत स्तर पर तकनीकी सहायक** के रिक्त पद की पूर्ति हेतु दिनांक 10.10.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय गठित चयन समिति के द्वारा प्राप्त आवेदनों का किए गए परीक्षण उपरांत नाम, निवास, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, पात्रता/अपात्रता आदि का प्रावधिक सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। यदि किसी आवेदक अथवा व्यक्ति को इस प्रकाशन के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो कार्यालयीन दिवस पर दिनांक 19.11.2024, समय शाम 05:30 बजे तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इस कार्यालय के आवक शाखा में अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से किया जा सकता है। ई–मेल से प्राप्त दावा/आपत्ति तथा उपरोक्त तिथि एवं समय उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा। प्रावधिक प्रकाशित सूची को जिले की वेब–साईट https://mungeli.gov.in पर अपलोड किया गया है साथ ही जिला एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है। दावा/आपत्तिकर्ता निम्नांकित प्रारूप में ही दावा/आपत्ति प्रस्तुत करेंगेः–

दावा–आपत्ति हेतु प्रारूप

क्र.	*आवेदित पद का नाम*	*अभ्यर्थी का प्रकाशित सूची में सरल क्रमांक*	*दावा आपत्ति प्रस्तुतकर्ता का नाम,पता एवं मो.नं.*	*विषय*	*किए गए दावा आपत्ति का कारण एवं विवरण*
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*
					नाम एवं हस्ताक्षर

नोटः–दावा आपत्ति निराकरण के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम, सर्वमान्य एवं बाध्यकारी होगा।

उपरोक्त प्रकाशन के संबंध में किसी अभ्यर्थी/व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से पत्र अथवा सूचना जारी नहीं किया जावेगा। निर्धारित तिथि 19.11.2024 को कार्यालयीन समय उपरान्त किसी भी प्रकार का आपत्ति/दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत मुंगेली

पृ. क्रमांक / 4360 / जिपं. / PMAY(G) / स्था. / भर्ती / 2024–25 मुंगेली,दिनांक 11 / 11 / 2024

प्रतिलिपि,

01. संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) विकास भवन, प्रथम तल, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।

02. कलेक्टर, जिला मुंगेली को सादर सूचनार्थ।

03. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला मुंगेली को उपरोक्त दावा–आपत्ति प्रकाशन अभ्यर्थियों की सूची जिले के अधिकारिक वेबसाईट में अपलोड करने हेतु संप्रेषित।

04. जनसूचना अधिकारी, जनसंपर्क कार्यालय जिला मुंगेली को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशानार्थ हेतु।

05. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत लोरमी / मुंगेली / पथरिया को जनपद पंचायत के सूचना पटल में चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत मुंगेली